卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 237 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦3 जून 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# शहरों का विकास ही राष्ट्र की प्रगति का आधार: धामी

## ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक का सीएम ने किया शुभारंभ







ऋषिकेश। नगर निगम ऋषिकेश में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 117वीं कार्यकारी समिति की बैठक का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के शहरों का सुनियोजित और आधुनिक विकास ही राष्ट्र की प्रगति का वास्तविक आधार है। उन्होंने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के दौर में नगर निकायों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है और महापौरों को अपने शहरों को स्वच्छ, सुंदर और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभिनव प्रयास करने होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तराखण्ड सरकार शहरों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'स्मार्ट सिटी' और 'स्वच्छ भारत' जैसे अभियानों ने नगरीय क्षेत्रों की तस्वीर बदली है। मुख्यमंत्री ने महापौरों का आहवान करते हुए कहा कि वे अपने-अपने शहरों में स्थानीय समस्याओं के समाधान के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और जल संचयन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बल दिया कि महापौरों को तकनीकी के उपयोग से प्रशासनिक सेवाओं को और अधिक पारदर्शी एवं त्वरित बनाने पर जोर देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बैठक विभिन्न राज्यों के महापौरों के अनुभवों को साझा करने का एक बेहतरीन मंच है, जिससे सीखने और एक-दूसरे के मॉडल को अपनाने का अवसर मिलता है। उन्होंने ऋषिकेश की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह नगर न केवल आध्यात्मिक केंद्र है बल्कि वैश्विक पटल पर भी अपनी एक विशेष पहचान रखता है। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस कार्यकारी बैठक में जो भी मंथन होगा, वह शहरों के प्रबंधन और जनसुविधाओं में सुधार लाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस आयोजन में देशभर से आए महापौरों एवं नगर निकाय प्रतिनिधियों ने (शेष पृष्ठ सात पर)

# अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मंगलवार देर रात्रि गूलरभोज क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क किनारे पैदल जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोपा लालसिंह गूलरभोज निवासी 50 वर्षीय होरी सिंह पुत्र स्व. विशन सिंह के माता पिता का पूर्व में निधन हो चुका है और उसकी बहन विवाह के बाद ससुराल में रह रही है। होरी लाल अविवाहित होने कारण घर में कई वर्षों से अकेला ही रह रहा था। बताया जाता है कि होरी लाल आज मध्य रात्रि घर से घूमने के लिए निकला। जब वह कालोनी नम्बर दो के पास पहुंचा तो तेज गति से आते अज्ञात वाहन ने उसे जोर से टक्कर मार दी। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। राह गुजरते लोगों ने जब होरीसिंह को लहूलुहान हालत में सड़क पर पड़ा देखा (शेष पृष्ठ सात पर)

# 34 यात्रियों को बचाकर खुद काल के गाल में समाया चालक

## लोहाघाट में अनियंत्रित बस को खाई में गिरने से बचाने के लिए पहाड़ी से टकराया वाहन



चम्पावत (उद संवाददाता)। बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। धारचूला से टनकपुर जा रही उत्तराखंड परिवहन निगम की एक बस लोहाघाट के रायकोट महर क्षेत्र में अचानक अनियंत्रित हो गई। संकट की घड़ी में चालक ने असाधारण साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को गहरी खाई में गिरने से बचाने के लिए उसे पहाड़ी से टकरा दिया। इस बहादुरी से बस में सवार 34 यात्रियों की जान बच गई, लेकिन चालक स्वयं अपनी जान नहीं बचा सका और बस के पहिए की चपेट में आकर उसकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार टनकपुर डिपो की बस बुधवार सुबह धारचूला से टनकपुर की ओर जा रही थी। जब बस लोहाघाट के रायकोट मंदिर के समीप एक मोड़ पर पहुंची तो अचानक उसमें तकनीकी खराबी आ गई। यात्रियों और परिचालक के अनुसार बस के ब्रेक फेल होने की आशंका जताई जा रही है। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चालक बेनीराम थ्वाल ने बस को नियंत्रित करने का हरसंभव प्रयास किया और अंतत: बस को पहाड़ी की ओर मोड़ दिया, जिससे बस गहरी खाई में गिरने से बच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस के पहाड़ी से टकराने के दौरान चालक की ओर का दरवाजा खुल गया। इसी दौरान बेनीराम थ्वाल सीट से उछलकर सड़क किनारे नाली में जा गिरा। दुर्भाग्यवश बस का पहिया उसके ऊपर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और परिवहन निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। जेसीबी (शेष पृष्ठ सात पर)

# लापता महिला का शव मिलने से सनसनी

## मंगलवार शाम से लापता थी महिला



लालकुआं (उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्र के बेरीपड़ाव रेलवे क्रॉसिंग के समीप स्थित खुरपिया फॉर्म क्षेत्र में बुध वार सुबह एक महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सुनसान स्थान पर शव पड़े होने की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। मृतका की पहचान 50 वर्षीय सुनीता पत्नी स्वर्गीय संतपाल निवासी गोलागेट, बेरीपड़ाव के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सुनीता मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले की रहने वाली थी और वर्तमान में अपने परिवार के साथ बेरीपड़ाव क्षेत्र में रह रही थी। परिवार में उसके पांच बच्चे हैं, जिनमें दो बेटियों का विवाह हो चुका है। जानकारी के अनुसार सुनीता मंगलवार शाम से घर से लापता थी। परिजनों ने देर रात तक उसकी तलाश की, लेकिन (शेष पृष्ठ सात पर)

# वोल्वो बस में लगी आग, 32 यात्रियों की बची जान

## देर रात हुआ हादसा, दो विदेशी महिला यात्री भी थीं सवार




हरिद्वार। बहादराबाद थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया, जब ऋषिकेश से जयपुर जा रही एक वोल्वो बस में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही मिनटों में पूरी बस उसकी चपेट में आ गई। हालांकि पुलिस और दमकल विभाग की तत्परता से बस में सवार सभी 32 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।जानकारी के अनुसार ऋषिकेश से राजस्थान के जयपुर जा रही वोल्वो बस मंगलवार रात करीब 12 बजे बहादराबाद क्षेत्र के बढ़ेड़ी राजपूताना गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंची थी। इसी दौरान बस में अचानक आग लग गई। आग लगते ही बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा तफरी मच गई और चीख पुकार शुरू हो गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चालक और परिचालक ने तत्काल बस को सड़क किनारे रोक दिया।घटना की सूचना मिलते ही बहादराबाद थाना प्रभारी अमरजीत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इस बीच आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरी बस धू धू कर जलने लगी। पुलिस कर्मियों ने बिना (शेष पृष्ठ सात पर)

# एक और अवैध मजार ध्वस्त

देहरादून। मुख्यशहर से करीब बीस किमी दूर शिमला बाईपास में सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजार को आज धामी सरकार के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया। उक्त अवैध मजार को लेकर स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन को शिकायती पत्र



भी दिए हुए थे। जानकारी के मुताबिक विकासनगर परगना क्षेत्र में सरकारी भूमि पर बनी अवैध मजार को हटाने से पूर्व देहरादून जिला प्रशासन ने यहां दो हफ्ते पूर्व नोटिस चस्पा किया था। नोटिस में विकासनगर एसडीएम कार्यालय में उक्त अवैध संरचना के भूमि ,निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाए (शेष पृष्ठ सात पर)

# वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़,11चोरी की बाइकें बरामद, 5 शातिर गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत ऊधमसिंहनगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देशन में कोतवाली ट्रांजिट कैम्प और कोतवाली खटीमा पुलिस ने अलग- अलग कार्रवाई करते हुए पांच शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे और निशानदेही पर चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से वाहन चोरी के कई मुकदमों का सफल अनावरण हुआ है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति द्वारा जनपद में संपत्ति संबंधी अपराधों, वाहन चोरी और संगठित अपराधों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध, पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर तथा क्षेत्राधिकारी खटीमा के पर्यवेक्षण में गठित पुलिस टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण, तकनीकी साक्ष्यों का संकलन और मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर वाहन चोरों की तलाश की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी सुनसान स्थानों, बाजारों, जिम, दुकानों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर खड़ी बाईकों की (शेष पृष्ठ सात पर)

# लाखों की मिक्सर मशीन हुई चोरी

काशीपुर। कुंडेश्वरी रोड स्थित मालवा फॉर्म से लाखों रुपए कीमत की बीम डालने वाली मिक्सर मशीन चोरी हो गई। आईटीआई थाना पुलिस को दी तहरीर में डिफेंस कॉलोनी मोटेश्वर मंदिर के पास निवासी कुशेसर गुप्ता उर्फ आनंद पुत्र राज किशोर ने बताया कि बीते 25 में को उसने खड़कपुर देवीपुरा निवासी नन्हे पुत्र मोर सिंह से बीम डालने वाली मिक्सर मशीन किराए पर लेकर ग्राम धीमरखेड़ा थाना आईटीआई निवासी ठेकेदार खलील अहमद की कुंडेश्वरी रोड मालवा फॉर्म स्थित साइट पर छोड़ आया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 5 दिन के बाद निर्माण कार्य पूर्ण (शेष पृष्ठ सात पर)

# महापौर ने पीसीएस टॉपर जसमीत कौर को किया सम्मानित

रुद्रपुर। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की पीसीएस परीक्षा में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर रुद्रपुर का नाम रोशन करने वाली जसमीत कौर पाहवा को महापौर विकास शर्मा ने उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया। महापौर ने वसुंधरा पॉम हाउस कॉलोनी जाफरपुर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर जसमीत कौर के साथ ही उनके पिता जसवंत सिंह पाहवा, माता मनप्रीत कौर एवं पूरे परिवार को इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि जसमीत कौर ने पीसीएस परीक्षा में पूरे उत्तराखंड में शीर्ष स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार, बल्कि रुद्रपुर शहर और पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि यह रुद्रपुर के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है, क्योंकि शहर की किसी बेटी ने पहली बार पीसीएस परीक्षा में प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है। महापौर ने कहा कि जसमीत कौर की सफलता इस बात का प्रमाण है कि मजबूत इच्छाशक्ति, निरंतर प्रयास और मेहनत से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।




जसमीत पहले से ही बागेश्वर में समाज कल्याण अधिकारी के रूप में सम्मानजनक पद पर सेवाएं दे रही थीं, लेकिन उन्होंने अपने सपनों की उड़ान को रुकने नहीं दिया और लगातार मेहनत कर यह बड़ा मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि जसमीत की यह उपलब्धि सिविल सेवा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा का काम करेगी। महापौर ने जसमीत को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह एक संवेदनशील और जनसेवा के लिए समर्पित अधिकारी के रूप में कार्य कर प्रदेश की सेवा करें। इस दौरान जसमीत कौर के पिता जसवंत सिंह पाहवा ने कहा कि बच्चों की सफलता से माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है। उन्होंने कहा कि जब माता-पिता को उनके बच्चों की उपलब्धियों से पहचान मिलने लगे, तो उससे बड़ी खुशी कोई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि परिवार ने जो संस्कार और मेहनत की राह दिखाई थी, आज बच्चे अपनी लगन और परिश्रम से उसे और आगे बढ़ा रहे हैं। यह पूरे परिवार के साथ-साथ शहर के लिए भी सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि जसमीत की उपलब्धि सिर्फ उनके परिवार की सफलता नहीं है, बल्कि यह पूरे रुद्रपुर की उपलब्धि है। इससे प्रेरणा लेकर अन्य युवा भी बड़े लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें हासिल करने के लिए आगे बढ़ेंगे। पीसीएस टॉपर जसमीत कौर ने सम्मान और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जब मेहनत को समाज का प्रोत्साहन मिलता है तो आगे बढ़ने की प्रेरणा और बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जो युवा प्रशासनिक सेवा में आना चाहते हैं, उन्हें पूरे जुनून, धैर्य और लगन के साथ तैयारी करनी चाहिए। ईमानदार प्रयास और लगातार मेहनत करने वालों को सफलता अवश्य मिलती है। जसमीत ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के आशीर्वाद, परिवार के सहयोग और ईश्वर की कृपा को दिया। उन्होंने शुभकामनाएं देने वाले सभी लोगों का आभार भी जताया। इस अवसर पर महापौर विकास शर्मा के साथ गुरमीत सिंह, पारस चुघ, चिराग कालरा, गौरव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## फर्जी कस्टमर केयर नंबर के झांसे में आकर महिला से 97 हजार रूपये की साइबर ठगी

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र की एक महिला साइबर ठगों के जाल में फंसकर 97 हजार रुपये गंवा बैठी। पीड़िता ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 11, नूरी मस्जिद निवासी अरीसा पुत्री अकील अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मई 2026 को वह एक समस्या के समाधान के लिए गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोज रही थी। सर्च के दौरान मिले नंबर पर कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कस्टमर केयर प्रतिनिधि बताया और उसके मोबाइल फोन में एक एप्लीकेशन डाउनलोड करवा दी। इसके बाद ठगों ने उसके बैंक खाते से 97 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने बताया कि उसने तत्काल साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान पता चला कि रकम एचडीएफसी बैंक के एक खाते में ट्रांसफर हुई है। बैंक से जानकारी लेने पर संबंधित खाते का पता पश्चिम बंगाल के हुगली जिले निवासी एक व्यक्ति के नाम पर मिला। महिला ने कोतवाली पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई तथा उसकी धनराशि वापस दिलाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गदरपुर क्षेत्र में धर्मांतरण शिकायतों की हुई जांच

गदरपुर। जिलाधिकारी के निर्देश पर धर्मांतरण संबंधी मामलों की निगरानी एवं जांच के लिए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में पूर्व में समिति द्वारा ग्राम रामजीवनपुर में अवैध रूप से संचालित एक चर्च को सीज किया गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 मई 2026 को अपर जिलाधिकारी की उपस्थिति में चर्च के पास्टर सुरेन्द्र सागर द्वारा बुढ़िया कॉलोनी, शीला मजरा रामजीवनपुर में आवासीय भूमि पर कथित रूप से अवैध रूप से ईसाई प्रार्थना सभा स्थल का निर्माण किए जाने के मामले में जांच की गई थी। इस संबंध में संबंधित भूमि को राज्य सरकार में निहित किए जाने की कार्रवाई भी प्रारंभ की गई है। इसी बीच श्वेता नामक युवती ने उप जिलाधिकारी गदरपुर के समक्ष उपस्थित होकर शिकायत दर्ज कराई कि रोहित नामक युवक द्वारा उसे ईसाई धर्म के रीति-रिवाज के अनुसार बपतिस्मा दिलाकर धर्म परिवर्तन कराया गया तथा बाद में ईसाई रीति-रिवाज से विवाह कराया गया। युवती ने आरोप लगाया कि विवाह के बाद उसे प्रताड़ित किया जा रहा है और उसके परिवार पर भी धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया जा रहा है। शिकायत के आधार पर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति ने ग्राम चकरपुर पहुंचकर मामले की जांच की। जांच के दौरान शिकायतकर्ता के बयान दर्ज किए गए। समिति के अनुसार प्रथम दृष्टया यह तथ्य सामने आए हैं कि युवती का बपतिस्मा कराकर धर्म परिवर्तन कराया गया तथा वर्तमान में उस पर और उसके परिजनों पर दबाव बनाए जाने के आरोप भी जांच में सामने आए हैं। समिति ने इसके अतिरिक्त ग्राम रतनपुरा और रामजीवनपुर का भी निरीक्षण किया। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान कुछ लोगों ने गांवों में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक सभाएं आयोजित किए जाने तथा धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाए जाने संबंधी शिकायतें कीं। समिति ने बताया कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त तथ्यों के आधार पर कुछ मामलों में प्रथम दृष्टया आरोप सही प्रतीत हुए हैं। पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। उधम सिंह नगर के एसएसपी अजय गणपति ने बताया कि गदरपुर में मतांतरण मामले में दी गई तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। एसआईटी की जांच रिपोर्ट के अवलोकन के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

## सीएम धामी और कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने की चर्चा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच शिक्षा, पंचायती राज संस्थाओं के सशक्तीकरण, भारतीय संस्कृति तथा संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श हुआ। बैठक में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था, ग्रामीण विकास तथा स्थानीय स्वशासन को और अधिक प्रभावी बनाने के विषयों पर भी चर्चा की गई।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड में नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, विद्यालयी शिक्षा को मजबूत बनाने, डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने तथा पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति, संस्कृत भाषा और पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए राज्यों के बीच अनुभवों का आदान प्रदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि एक दूसरे के सफल अनुभवों से सीख लेकर शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर ने उत्तराखंड सरकार द्वारा शिक्षा, संस्कृति संरक्षण और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने दोनों राज्यों के बीच शिक्षा, संस्कृति और स्थानीय स्वशासन से जुड़े विषयों पर सहयोग एवं समन्वय को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

## सच्चा सुख व धर्म प्रमेय की शरण में ही है संभव: हरि चैतन्यपुरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर व संत स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहां वसुंधरा अवान विलाज में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने अपने कर्तव्यों का पालन करें। इससे अधिकार प्राप्ति की लड़ाई समाप्त हो जाएगी। क्योंकि एक का कर्तव्य दूसरे का अधिकार है। उन्होंने कहा कि हम सभी को प्रभु व गुरु पर पूर्ण विश्वास रखते हुए तथा अपना आत्मविश्वास बढ़ाते हुए पूर्ण लगन व निष्ठा से अपने अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। स्वयं को शक्ति संपन्न बनाने का प्रयास करें। अपनी शक्तियों को गलत खानपान, अनियमित, असंतुलित, अनियंत्रित दिनचर्या,चरित्र हीनता व कुपथ पर चलकर नष्ट ना करें। बशर्ति का दुरुपयोग ना हो जाए इसलिए बल के साथ साथ बुद्धि व विवेक का भी इस्तेमाल करें। एकमात्र धर्म व अध्यात्म ही हमें हमारे पतन,समाज में आ रही बुराइयों व विकृतियों से बचा सकता है। अत: सदा सर्वदा धर्म व परमात्मा की शरण ग्रहण करेंउन्होंने कहा कि सुख के साधन होना व सुखी होना दोनों में बहुत अंतर है। सच्चा सुख धर्म व परमात्मा की शरण में ही प्राप्त होगा। अपने धाराप्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भावविभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो गया व “ श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैय्या ” की जय जयकार से गूंज उठा। इससे पूर्व महाराज श्री के किच्छा व रूद्रपुर में अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में भक्तों ने फूल मालायें पहनाकर, आरती उतारकर पुष्प वृष्टि करते हुए हार्दिक भव्य स्वागत किया । सुन्दर काण्ड पाठ तथा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भक्तों ने श्री महाराज जी का अग्रिम पावन जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।



## हैड़ाखान में गौला नदी पर बने पैदल पुल का लोकार्पण

भीमताल (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री रामसिंह कैड़ा ने हैड़ाखान में गोला नदी पर 1.21 करोड़ की लागत से बने पुल का धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के ओखलकांडा ब्लॉक के गौला नदी में पुल नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियां का सामना करना पड रहा था।आधा दर्जन से अधिक गांव को जोड़ने हेतु ग्रामीण वर्षो से ग्राम सभा हैड़ाखान के साचा के समीप गौला नदी मै पैदल पुल बनाने की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया ग्रामीणों को बरसात के समय 15 से 20 किलोमीटर घूम कर मुख्य मार्ग पर आना पड़ता था। पुल नही होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्कूल के बच्चो को स्कूल आने जाने में नदी का खतरा बना रहता था। बरसात के समय ग्रामीण व बच्चो का आना जाना बंद हो जाता था। ग्रामीणो ने उनसे ग्राम सभा हैड़ाखान के साचा में गौला नदी पर पुल बनाने की माग की। मंत्री कैड़ा ने ग्रामीणों व क्षेत्र के बच्चो की परेशानियों को देखते हुए



60 मीटर लम्बी पैदल पुल के लिए शासन से 1करोड 21लाख स्वीकृत कराये थे। पुल का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद मंत्री ने पुल का लोकार्पण किया। मंत्री कैड़ा ने कहा पुल बनने से हैड़ाखान, लमगड़ा, साचा, बेड़खेत, पस्या,देवली, कौडार सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के लोगो को लाभ मिलेगा । अब ग्रामीणों को आवागमन में परेशानियों का सामना नही करना पड़ेगा। मंत्री कैड़ा ने कहा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान हो इस दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। इस दौरान मंत्री कैड़ा ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिये। क्षेत्र के लोगो ने मंत्री कैड़ा का फूल मालाओ से स्वागत कर धन्यवाद दिया। **भीमताल की पानी की समस्या का निदान करने के दिए निर्देश :** कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने जिलाधिकारी से वार्ता कर कहा भीमताल नगर क्षेत्र मै मोटर खराब होने से विगत दिनों से पानी की समस्या बनी है। जिस कारण भीमताल नगर के लोगो को पेयजल नहीं मिल रहा है और उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री कैड़ा ने डीएम से कहा गर्मी के समय पानी की समस्या आने से जनता काफी परेशान है। मंत्री कैड़ा ने अधिकारियो को कहा किसी भी प्रकार से लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी से भीमताल नगर की पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिए।

## सीएम धामी ने हादसे में दिवंगत यात्रियों के प्रति जतायी संवेदनाए

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा मार्ग पर देवप्रयाग के समीप हुई दुखद वाहन दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में दिवंगत हुए श्रद्धालुओं एवं यात्रियों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कमी न रहे और उन्हें सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। मुख्यमंत्री ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस, राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा प्रतिवादन बल (एनडीआरएफ) और अन्य संबंधित एजेंसियों को तत्काल राहत एवं बचाव कार्यों में लगा दिया गया। दुर्घटनास्थल पर युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लापता व्यक्तियों की तलाश के लिए सघन खोज अभियान जारी है। संबंधित अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने और प्रभावित परिवारों को हर आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री लगातार स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और प्रशासन से पल-पल की जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में राज्य सरकार प्रभावित परिवारों के साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ी है और राहत एवं बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है।

# केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का आह्वान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी कुमाऊँ संभाग कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 12 साल पूर्ण होने के अवसर पर आगामी कार्यक्रमो के निमित: जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को मुख्य वक्ता पुष्कर सिंह काला, जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट, विधायक नैनीताल श्रीमती सरिता आर्या, विधायक लालकुआँ मोहन सिंह बिष्ट, मेयर हल्द्वानी गजराज सिंह बिष्ट, प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी प्रदीप जनौटी, प्रदेश प्रकोष्ठ संयोजक कौस्तुभानंद जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन व वंदेमातरम् से शुभांम्भ किया गया। कार्यशाला में जिले के समस्त मण्डलो से मण्डल अध्यक्ष मण्डल महामंत्री, जिला पदाधिकारी, मण्डल प्रभारी, मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष व जिला महामंत्री, दायित्वधारी गण, ब्लाक प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने विगत 12 वर्षों में सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को लक्ष्य मानते हुए ऐतिहासिक कार्य किये है और जिसके फलस्वरूप समस्त भारतवासी आगामी 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ती हेतु दृढ संकल्पित है। उन्होने कार्यकर्ताओं से इस अभियान के दौरान पूर्ण मनोयोग से आम जन के बीच जाकर मोदी सरकार की जनकल्याण योजनाओं को घर घर पहुंचाने का आवाहन किया।मुख्य वक्ता पुष्कर सिंह काला ने कहा कि मोदी सरकार के 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के पूर्ण होने के अवसर पर



5 जून 2026 से 23 जून 2026 तक कई कार्यक्रम किये जाएगे। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून से 11 जून तक एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक मण्डल में एक सप्ताह तक वृहदबी वृक्षारोपण अभियान चलाया जाना है। 12 जून को जिला मुख्यालय में जिला के प्रभारी मंत्री व विधायक गणो द्वारा विगत 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों पर मीडिया से संवाद किया जाएगा। 8 जून से 14 जून तक मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक व प्रदेश पदाधिकारी द्वारा विशेष जनसम्पर्क अभियान कर जिले में 600 प्रबुद्धजनो से सम्पर्क किया जाएगा। 12 जून से 14 जून के मध्य जिला मुख्यालय में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर 03 दिवसीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रत्येक विकासखण्ड में प्रदेश सरकार के सहयोग से केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजना हेतु 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर 13 जून से 20 जून तक लगाए जाएगे।प्रत्येक विधानसभा में 15 जून से 18 जून के मध्य विधानसभा स्तरीय प्रबुद्ध बैठको का आयोजन किया जाएगा जिसमें मोदी सरकार के 12 साल के विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। 16 जून से 20 जून के मध्य प्राकृतिक एवं जैविक खेती कार्यशाला की जाएगी। 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस व 23 जून को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी बलिदान दिवस के कार्यक्रम बूथ स्तर पर किये जाएगे। उन्होने समस्त पदाधिकारियो से पूर्ण मनोयोग से लगकर इन कार्यक्रमो को आमजन के मध्य आयोजित कर मोदी सरकार की लोकप्रिय जनकल्याण योजनाओं का लाभ अधिकाधिक लोगो तक पहुंचाने का आवाहन किया।कार्यशाला में दायित्वधारी सुरेश भट्ट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, डॉ अनिल कपूर डब्बू, श्रीमती शांति मेहरा, पूर्व मेयर जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप बिष्ट, रंजन बर्गली, विनीत अग्रवाल, श्रीमती कंचन उप्रेती, किशोर जोशी, मधुकर श्रोत्रिय सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## आत्महत्या के लिए उकसाने पर पांच के खिलाफ मुकदमा

काशीपुर। किशोर द्वारा फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या करने के मामले में नया मोड़ आ गया है। पुलिस ने दो सप्ताह बाद किशोर को आत्महत्या के लिए उकसाने के लिए पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। बता दें 17 मई को नई बस्ती कटोराताल निवासी 17 वर्षीय मुर्सलीन ने घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में मृतक के चाचा इस्मान ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि मुर्सलीन का पास के मोहल्ले में रहने वाली एक किशोरी से प्रेम प्रसंग था। दोनों के बीच फोन पर बातचीत होती थी। आरोप है कि किशोरी अपने खर्च के लिए समय-समय पर मुर्सलीन से रुपये भी मांगती थी। आरोप है कि प्रेम प्रसंग की जानकारी होने पर किशोरी के पिता शकील, भाई फैज आलम, शान, शावेज और अन्य परिजनों ने मुर्सलीन को डराना-धमकाना शुरू कर दिया। उसे जान से मारने की धमकियां दी गईं और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। आरोप लगाया कि 16 मई की रात करीब 11 बजे आरोपितों ने मुर्सलीन को फोन कर घर से बाहर बुलाया और उसके साथ मारपीट की। घटना के बाद से किशोर काफी तनाव में रहने लगा था। परिजनोंका कहना है कि इसी मानसिक दबाव के चलते उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के दो सप्ताह बाद आत्महत्या के लिए उकसाने सहित अन्य धाराओं में पांच लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।




## समर कैंप का पुरस्कार वितरण के साथ समापन

गदरपुर । पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गदरपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखंड में भारतीय भाषा समर कैंप के पांचवे एवं अंतिम दिवस पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई घ। इस कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया गया , तत्पश्चात छात्राओं को श्रीमती मिनती रानी, श्रीमती नीरू जोशी एवं श्रीमती विनीता के द्वारा अंताक्षरी ,योग ,मेहंदी एवं नृत्य प्रतियोगिता करवाई गई । कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती रश्मि आर्या द्वारा छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। उक्त पांच दिवसीय समर कैंप में भारतीय भाषा बांग्ला भाषा का ज्ञान श्रीमती मिनती रानी द्वारा दिया गया । योग शिक्षक एवं पत्रकार देवेन्द्र सिंघ द्वारा छात्राओं को विभिन्न योग क्रियाओं से अवगत कराते हुए जड़ी बूटियों का परिचय दिया।



## प्राकृतिक उपायों से शरीर को स्वस्थ रखने के दिये टिप्स

गदरपुर । अपने शरीर को स्वस्थ एवं निरोग रखने के लिए प्राकृतिक नियमों का पालन करने एवं योग की क्रियाओं को नित्य प्रति करने का आह्वान करने के साथ बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। योग शिक्षक देवेंद्र सिंघ द्वारा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बालिकाओं को स्वस्थ रहने के पांच सूत्र शुद्ध हवा,शुद्ध पानी,शुद्ध व सात्विक खाना पीना ,तन मन की सफाई एवं योग की आसान क्रियाओं से अवगत कराया । उन्होंने बादाम, अखरोट,नारियल के फल



को खाने के साथ उनके छिलकों से बनने वाले बहुमूल्य पदार्थों का भी विस्तार प्रशिक्षण दिया। उन्होंने कहा ,बादाम, अखरोट और नारियल के छिलकों की भस्म से सूखी खांसी ,काली खांसी ,बवासीर ,लिकोरिया और दांतों की मजबूती की दवा तैयार की जाती है,जिसका नित्य प्रति नियम अनुसार प्रयोग करने से हमारे कई रोग दूर हो जाते हैं उन्होंने अनेक जड़ी बूटियां के बारे में भी जानकारी दी।उन्होने अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाकर उनके पालन पोषण का आह्वान किया ।

## कार सवार युवकों पर दिनदहाड़े फायरिंग

गदरपुर। हाईवे एनएच 74 पर उस समय सनसनी फैल गई जब कार से बाजपुर जा रहे दो युवकों पर अज्ञात हमलावरों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर दी। घटना में दोनों युवक बाल-बाल बच गए, जबकि हमलावर वारदात को अंजाम



देकर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे बाजपुर निवासी कौशल कुमार और उनके ममेरे भाई रजत कुमार कार से बाजपुर की ओर जा रहे थे। आरोप है कि एक काले रंग की कार में सवार युवकों ने उनकी कार को ओवरटेक कर रोक लिया। इसके बाद हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि जान बचाने के प्रयास में पीड़ितों ने कार को तेजी से भगाने की कोशिश की, लेकिन घबराहट में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गया। गनीमत रही कि दोनों युवक सुरक्षित बच गए। घटना के बाद हमलावर रुद्रपुर की दिशा में फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली गदरपुर पहुंचकर तहरीर दी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया तथा घटनास्थल से एक कारतूस भी बरामद किया है। उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा द्वारा जांच की जा रही है। पीड़ितों का आरोप है कि घटना के पीछे पुरानी रंजिश हो सकती है। वहीं पूर्व जिला पंचायत सदस्य कुलविंदर सिंह किट्टा ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आशंका जताई कि घटना के पीछे क्षेत्र के कुछ प्रभावशाली लोगों का हाथ हो सकता है। सीओ बाजपुर अखलेश कुमार ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिली है। मामले में तहरीर प्राप्त हुई है और पुलिस जांच कर रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। दिनदहाड़े हुई इस फायरिंग की घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है, जबकि पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

## लायंस क्लब ने मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लायंस क्लब ग्रीन सिटी द्वारा मेधावी छात्र अभिनंदन एवं मेलोडी मिलन समारोह संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप बिष्ट, भाजपा नगर अध्यक्ष मधुकर श्रुतिय, क्लब सचिव निशुल् अग्रवाल, मुकेश गुप्ता तथा कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बच्चों की म्यूजिकल कुर्सी दौड़ में निकिता सती, अक्षत अग्रवाल एवं आरुष गुप्ता ने बाजी मारी। मेलोडी पानी में कॉइन डालो प्रतियोगिता में अनीता अग्रवाल गोल्डी मेलोडी विजेता रही। इसके अतिरिक्त संयुक्त रूप से रेणुका गर्ग और इला गुप्ता ने सेकंड स्थान प्राप्त किया, जबकि तीसरे स्थान पर स्वाति अग्रवाल कनक अग्रवाल साधना जैन एवं प्रिया अग्रवाल रही। बकार्यक्रम का संचालन अंसील वर्मा ने किया। लायंस क्लब परिवारों के चार बच्चों ने सीबीएसई हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा मेरिट में स्थान प्राप्त



किया। सभी को आकर्षक पुरस्कार ,गोल्ड मेडल, एवं सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में प्रदीप अग्रवाल, यश, अक्षत, संविका, मुकेश, राकेश वर्मा, संजय गर्ग, अभिनव प्रेक्षा बिश्नोई , सुमित सिंघल, राखी अग्रवाल ,सिद्धार्थ अग्रवाल, गौरव, सौरव ,श्रीधर सती का सहयोग रहा।

## तहसील दिवस में उठाई राजेन्द्र नगर की जन समस्याएं

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।तहसील दिवस में पार्षद प्रतिनिधि हेमन्त साहू ने राजेन्द्र नगर वार्ड-12 की विभिन्न जनसमस्याओं को उठाया। उन्होंने नाले के अंदर से गुजर रही पेयजल लाइन को बदलने, क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण, नालियों की मरम्मत तथा पार्क के निर्माण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रशासन के समक्ष रखा। उन्होंने तहसील दिवस में बार-बार दर्ज की जा रही समस्याओं के समाधान में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता



से लेकर उनका समयबद्ध समाधान किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित विभागों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए शीघ्र कार्रवाई की मांग की। जनसमस्याओं का समय पर निदान न होने पर लोगों का तहसील दिवस से भरोसा उठ रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने एवं समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

## जल संरक्षण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) के तत्वावधान में विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित साइकिल रैली एवं रेस का शुभारंभ जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस अवसर पर1 जून से 15 जून तक आयोजित होने वाले 'जल उत्सव सप्ताह' का भी शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कहा कि वर्तमान समय में जल स्रोतों का संरक्षण सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में जनसहभागिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जल, जंगल और पर्यावरण के संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को



अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने लोगों से पानी की अनावश्यक बर्बादी रोकने, नदियों एवं प्राकृतिक जल स्रोतों को स्वच्छ बनाए रखने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम में कुल 235 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें से 200 प्रतिभागियों ने साइकिल रेस में हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। बालक वर्ग में अपूर्व बिष्ट ने प्रथम, देव समजदार ने द्वितीय तथा वेदान्स ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में पल्लवी प्रथम, नीलम द्वितीय और साक्षी तृतीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा तीन बालक एवं तीन बालिकाओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, मुख्य कोषाधिकारी डॉ. पंकज कुमार शुक्ल, सदस्य सचिव सारा एवं अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की सहित विभिन्न विभागोंके अधिकारी उपस्थित रहे।

# दुनिया चले ना श्री राम राम के बिना, राम जी चले ना हनुमान के बिना

## भजनों की गूंज से भक्तिमय हुआ नानकमत्ता, सजा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

नानकमत्ता (संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के तत्वावधान में महंत गौरव अग्रवाल के सान्निध्य में नानकमत्ता स्थित अंकुर गोयल के निवास पर श्री बालाजी महाराज का भव्य एवं विशाल दरबार श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सजाया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्योत प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद गुरु वंदना, गणेश वंदना, प्रेतराज सरकार की आरती, हनुमान चालीसा पाठ तथा बालाजी महाराज के जयकारों से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। दरबार में पहुंचने पर महंत गौरव अग्रवाल का श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। दरबार के दौरान महंत गौरव अग्रवाल ने बालाजी सुनो एक अर्जी है, संजीवन बूटी ला देना तथा ओ जाने वाले जरा रुक जाना, बाबा का जयकारा ले ले जैसे भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और पूरा परिसर जय श्रीराम, जय हनुमान तथा जय बालाजी महाराज के जयकारों से गूंज उठा। भजन गायक अंकुर भटनागर ने भी एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उनकी प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक बना दिया। वहीं हरिचरण सिंह द्वारा ध पड़े की सेवा प्रदान की गई, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंग गया। श्रद्धालुओं ने श्री बालाजी महाराज के दरबार में हाजिरी लगाकर परिवार की सुख समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और देर रात तक भक्ति








एवं आराधना का क्रम चलता रहा। इसके उपरांत बाबा का पच्चीसा संपन्न हुआ तथा सीताराम जी, बालाजी महाराज और भैरव बाबा की भव्य आरती की गई। आरती के बाद बाबा को भोग अर्पित किया गया और श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। विशाल भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, नरेश ग्रोवर, आयुष अरोड़ा, शिव कुमार, अजय जायसवाल, बिट्टू अरोड़ा, सतीश सागर, लवी अरोड़ा, मोहित नारंग, सोनू कोली, आंटू रस्तोगी, उमा शंकर कश्यप, राम अवतार गुप्ता, चंद्रपाल कोली, मनीष गोयल, अमन श्रीवास्तव, संजय अग्रवाल, राजू गुप्ता, विपुल कुमार, आशीष सिंघल, विनोद रस्तोगी, संजय जैन, विराट रस्तोगी, शंकर विश्वास, राधेश्याम कोहली, नितिन सागर, एडवोकेट सौरभ अग्रवाल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भक्तों ने किया बालाजी महाराज का गुणगान

रुद्रपुर (उद ए)। ज्येष्ठ मास के पावन पांचवें बड़े मंगलवार के अवसर पर श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर, गल्ला मंडी में भक्ति, श्रद्धा और सनातन संस्कृति का अद्‌भुत एवं दिव्य संगम देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं धार्मिक विधि-विधान के मध्य बाबा श्री बालाजी महाराज को दिव्य चोला अर्पित किया गया। बाबा के अलौकिक एवं मनमोहक स्वरूप के दर्शन के लिए प्रातःकाल से ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़ पड़े। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया और परिवार, समाज तथा राष्ट्र की सुख- समृद्धि एवं मंगलकामना की। मंदिर में धार्मिक अनुष्ठानों के अंतर्गत संगीतमय सुंदरकांड, हनुमान चालीसा, पावन हनुमान पच्चीसा पाठ, सामूहिक आरती एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने पूर्ण श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ हनुमान पच्चीसा का पाठ कर बजरंगबली की महिमा का गुणगान किया।जय श्री राम और जय बजरंगबली के जयघोषों से संपूर्ण क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर बाबा के गुणगान में लीन दिखाई दिए। इस दौरान समाजसेवी अधिवक्ता मनीष मित्तल ने भी परिवार सहित मंदिर पहुंचकर बाबा श्री बालाजी महाराज के श्रीचरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने कहा कि ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार का सनातन धर्म में विशेष



आध्यात्मिक महत्व है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्‌भाव, सेवा और समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा श्री बालाजी महाराज की असीम कृपा से समाज में सुख, शांति, समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली संस्कृति, परंपराओं एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। कार्यक्रम में पंडित सुरेंद्र पाल शर्मा, गगन वाधवा, सौरव गाबा, अजय फुटेला, अनु छाबड़ा, करण फुटेला, अक्ष नारंग, जतिन नागपाल, मनोज अरोड़ा, प्रिंस गुप्ता, राजू पाल, नवरत्न वाधवा, सूरज सचदेवा, रजनीश यादव, डॉ. दीप्ति वर्मा, तृषा, श्रेया, गिरीशा, ऋषिका, दीपिका मित्तल, अंजू सक्सेना, ज्योति गर्ग, मनीषा वाधवा, अन्नू वाधवा, आरती सचदेवा, सीमा फुटेला, अन्नू अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। अंत में महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विधिवत समापन हुआ।


**Guru Maa Enterprises**

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


# आईकॉन ऑफ देवभूमि में मिलेगा प्रतिभाओं को मंच

## 13 जून को होगा भव्य सम्मान समारोह, मिस यूनिवर्स इंडिया निधि सिंह, एक्टर वरुण सूरी, एक्ट्रेस दिव्या मालिक सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में रहेंगे मौजूद

गदरपुर (उधम सिंह नगर)। उत्तराखंड की प्रतिभाओं को नई पहचान देने और उनके योगदान को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से "आईकॉन ऑफ देवभूमि अवॉर्ड 2026" का भव्य आयोजन आगामी 13 जून 2026, शनिवार को अशोका रिसॉर्ट, दिनेशपुर रोड, गदरपुर में किया जा रहा है। कुमाऊँ केसरी ख्र वॉइस ऑफ माउंटेन्स द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 4 बजे से 8 बजे तक चलेगा, जिसमें प्रदेश की कई जानी-मानी हस्तियां शिरकत करेंगी। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य उन प्रतिभाओं को मंच देना है, जो अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के बावजूद अक्सर सुर्खियों से दूर रह जाती हैं। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, व्यापार, मीडिया, खेल, मॉडलिंग, महिला सशक्तिकरण और युवा उपलब्धियों समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस दौरान श्रेष्ठ समाजसेवी, महिला सशक्तिकरण, युवा प्रतिभा, श्रेष्ठ शिक्षक, श्रेष्ठ उद्यमी, चिकित्सा उत्कृष्टता सहित कई श्रेणियों में सम्मान प्रदान किए जाएंगे। आयोजक



एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप फुटेला ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और योग्यता आधारित होगी, ताकि वास्तविक हकदारों को सम्मान मिल सके। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल एक सम्मान समारोह नहीं, बल्कि उत्तराखंड की असली प्रतिभाओं और प्रेरणादायक व्यक्तित्वों को सम्मान देने की एक सार्थक पहल है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य एवं गायन कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे, जिससे यह शाम और भी यादगार बनने जा रही है। आयोजन में छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को भी बराबरी का अवसर दिया जा रहा है, जिससे स्थानीय प्रतिभाओं को एक बड़ा मंच मिल सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री वैद्य बालेंदु प्रकाश मौजूद रहेंगे, जबकि समाजसेवी लाल बादशाह, कश्मीर कम्बोज, स्वामी शिवानंद, योग गुरु सोहित योगी, योगाचार्य प्रदीप योगी, फिल्म स्टार वरुण सूरी, मिस यूनिवर्स इंडिया निधि सिंह, अभिनेत्री दिव्या मलिक, कैप्टन सौरभ सारस्वत, एल्डा फाउंडेशन की अध्यक्षा पूजा शाहीन, मॉडल अभिनेत्री उजबा खान, अभिनेता राजकुमार खुराना, नेपाल के वरिष्ठ पत्रकार राज लुईटेल, दाढ़ी मॉडल संदीप दुग्गल, संजीव सूरमा, सतपाल सिंह, अनुज रस्तोगी, अशोक शर्मा तथा मंच संचालक प्रियंका अग्रवाल समेत अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। सम्मान समारोह हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इच्छुक प्रतिभागी अपने कार्यों का विवरण एवं परिचय पत्र भेजकर आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी एवं पंजीकरण के लिए 9690421600 एवं 905800 2626 पर संपर्क किया जा सकता है। गदरपुर एक बार फिर उन चेहरों का साक्षी बनने जा रहा है, जो वास्तव में उत्तराखंड की पहचान हैं।

# मोदी और धामी सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएं: बिष्ट

## भाजपा की जिला कार्यशाला में संगठन विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार पर जोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सोमवार को बारह साल विश्वास, विकास एवं जनकल्याण विषयक जिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। कार्यशाला में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेन्द्र बिष्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने बीते 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचा है और देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की उपलब्धियों, संकल्पों और जनकल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचाने का कार्य करें। जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की विचारधारा और सरकार की जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाकर पार्टी की नीतियों और सरकार की उपलब्धियों का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में विकास और जनसेवा की नई कार्य संस्कृति स्थापित हुई है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा करने का आह्वान किया। कार्यशाला में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के प्रचार प्रसार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। वक्ताओं ने बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और जनता के साथ निरंतर संवाद बनाए रखने पर बल दिया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, जिला महामंत्री रमेश जोशी एवं हिमांशु शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे और अमित नारंग, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, बिमला बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम, नीता सक्सेना, विपिन सिंह, विवेक दीप सिंह, जिला कार्यालय मंत्री मोर सिंह, सुरेंद्र चौधरी, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत, हारून मलिक सहित मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री, जिला पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थे।





# रुद्रपुर को जल्द मिलेगी 200 वाहनों की क्षमता वाली ग्रीन पार्किंग

## एक सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया शुरू होगी, जाम की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर की वर्षों पुरानी पार्किंग समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए रुद्रपुर को जल्द ही 200 वाहनों की क्षमता वाली पहली ग्रीन पार्किंग की सौगात मिलने जा रही है। जिला विकास प्राधिकरण अगले एक सप्ताह के भीतर पार्किंग निर्माण का टेंडर जारी करेगा। यह परियोजना मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल है और इसके निर्माण से शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में यातायात दबाव कम होने की उम्मीद जताई जा रही है। विधायक शिव अरोरा ने जिला विकास प्राधिकरण कार्यालय में उपाध्यक्ष जय किशन और सचिव पंकज उपाध्याय के साथ बैठक कर परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। बैठक के दौरान पार्किंग की डिजाइन और डीपीआर का अवलोकन भी किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आगामी एक सप्ताह में टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 में विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर में बढ़ती जाम की समस्या को देखते हुए सिंचाई विभाग की भूमि पर पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव रखा था। बाद में इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल किया। संबंधित भूमि आवास विभाग को हस्तांतरित किए जाने के बाद अब परियोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रस्तावित ग्रीन पार्किंग में लगभग 200 वाहनों के खड़े होने की व्यवस्था होगी। पार्किंग परिसर में बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार, सुरक्षा गार्ड, शौचालय, सीसीटीवी कैमरे और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। विशेष प्रकार की टाइल्स लगाई जाएंगी, जिससे वर्षा का पानी जमीन में समाहित हो सके और पर्यावरण संतुलन बना रहे। पार्किंग परिसर को हरित स्वरूप देने के लिए पर्याप्त संख्या में पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर की जनता से किए गए वादे के अनुरूप शहर को जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह परियोजना महत्वपूर्ण साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्य बाजार के निकट पार्किंग सुविधा उपलब्ध होने से व्यापारियों और ग्राहकों दोनों को लाभ मिलेगा तथा शहर में यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि लंबे समय से शहरवासियों द्वारा पार्किंग की मांग उठाई जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है। विधायक ने इस परियोजना को स्वीकृति देने और मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। बैठक में जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन,सचिव पंकज उपाध्याय तथा अन्य अधिकारी रहे।

# स्मैक ले जाता नशा तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा कोतवाली पुलिस ने चेंकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को अवैध स्मैक ले जाते गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह फर्त्याल के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, शांति व्यवस्था बनाए रखने और संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेकिंग पर मुस्तैद थी। इसी दौरान



चिराग अली शाह बाबा मजार के पास, गेट लाइन नंबर 18 से पुलिस टीम ने संदिग्ध रूप से घूमते एक युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता साहिल खान पुत्र अय्युब खान, निवासी गोलापार बागजाला, काठगोदाम बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 09.09 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने स्मैक कब्जे में लेकर आवश्यक पूछताछ करने के बाद साहिल को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज यादव, कांस्टेबल दिलशाद अहमद, सुनील कुमार व मो. यासीन शामिल थे।

# टैक्स बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ




रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला टैक्स बार एसोसिएशन रूद्रपुर की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को सिटी क्लब में आयोजित किया गया। समारोह में सदस्य न्यायिक प्राधिकरण कुमाऊं जोन राकेश वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में अध्यक्ष कुन्दन सिंह रौतेला, उपाध्यक्ष सुनील शर्मा, सचिव ओमशंकर श्रीवास्तव, उपसचिव सोमवीर सिंह, कोषाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य योगेश छाबड़ा तथा कनिष्ठ सदस्य मोहम्मद अफसर सैफी ने अपने पदों की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम का संचालन भूपेश चन्द्र दुम्का ने किया। इस अवसर पर बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के नवनिर्वाचित सदस्यों का भी स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में दिवाकर पांडेय, चन्द्रशेखर जोशी, मेहरबान सिंह कोरंगा, राजन सिंह मेहरा, सुशीला मेहता बिष्ट और अमनदीप कौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा पर्यवेक्षक हिमानी बोरा, मुख्य चुनाव अधिकारी अवतार सिंह तथा सहायक चुनाव अधिकारी समीर सेन भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन से जुड़े अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इस दौरान डीपी यादव, सरदार जोगेन्द्र सिंह, भूपेश दुम्का, इजहार अहमद, उत्तम सिंह रावत, जीवन राय, हरीश शर्मा, रिंकु कुमार, मनोज रप्तान, नित्यानंद सिंह, नरेश बंसल, राजन बजाज, शहावत रजा जैदी, तरुण चोपड़ा, प्रियांशी मिश्रा, हजरत अंसारी, अजय आनंद, अभिषेक मिश्रा, नवल अरोरा सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान वक्ताओं ने अधिवक्ताओं की भूमिका, बार की एक जुटता तथा न्यायिक व्यवस्था को मजबूत बनाने में अधिवक्ता समुदाय के योगदान पर भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# पीसीएस टॉपर जसमीत कौर को किया सम्मानित

## पूर्व विधायक ने घर पहुंचकर दी बधाई, बताया युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड पीसीएस परीक्षा में पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर रूद्रपुर का नाम रोशन करने वाली होनहार जसमीत कौर को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने उनके आवास पहुंचकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने जसमीत कौर और उनके परिवार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने सम्मान स्वरूप जसमीत कौर को गणेश जी की प्रतिमा भेंट की तथा उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि जसमीत कौर ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे रूद्रपुर और ऊधमसिंहनगर जिले का गौरव बढ़ाया है। उनकी यह सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। ठुकराल ने कहा कि कठिन परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। जसमीत कौर की उपलब्धि यह साबित करती है कि छोटे शहरों के युवा भी अपनी प्रतिभा के दम पर बड़ी सफलताएं प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि जसमीत भविष्य में भी अपने कार्यों से प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर जसमीत कौर के पिता सरदार जसवंत सिंह पाहवा, माता मनप्रीत कौर, भाई सहजपाल सिंह पाहवा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में क्षेत्र पंचायत सदस्य सरिता चौधरी, अंकित बठला, सुनील चुघ, ललित बिष्ट, गुरमीत कौर, अमन सिंह पाहवा, प्रेम कौर, मलकीत सिंह, इन्द्रजीत कौर, गुरूचरण सिंह, बचन कौर, करनैल सिंह, मनप्रीत कौर, परमवीर सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

जन-जन की आवाज़, जन-जन तक
उत्तरांचल दर्पण
दर्पण न्यूज़
आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र
आपकी समस्या, हमारी जिम्मेदारी
आपकी खबर, सब तक
यदि आपके क्षेत्र में कोई समस्या है, किसी कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है, या ऐसी कोई भी जानकारी है जिसे आप अपने प्रिय समाचार पत्र उत्तरांचल दर्पण एवं सोशल मीडिया प्लेटफार्म दर्पण न्यूज़ पर प्रमुखता से प्रकाशित करवाना चाहते हैं, तो हमें तुरंत भेजें।
हर आपकी आवाज़ को बुलंद करें
उसे शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।
हमें भेजें – स्थानीय समस्याएं | कार्यक्रमों की जानकारी | फोटो / वीडियो | शिकायतें | अन्य महत्वपूर्ण जानकारी
ई-मेल darpan.rdr@gmail.com
व्हाट्सएप 9897427586
उत्तरांचल दर्पण – आपकी आवाज़, आपका अपना समाचार पत्र

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### युद्धविराम और शांति की वार्ता

ईरान और अमेरिका के बीच युद्धविराम की उम्मीद बंधती है और फिर टूट जाती है। यह स्थिति युद्ध शुरू होने के बाद से ही जारी है। पिछले तीन महीने से युद्ध चल रहा है, लेकिन जब शांति वार्ता की बात आती है, तो आमने-सामने और दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रखकर संवाद करने की जरूरत नहीं समझी जाती।अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष बातचीत किसी सहमति के बिंदु पर नहीं पहुंच रही, तो इसे समझने की जरूरत है। दोनों पक्ष जिस तरह अपनी शर्तों पर अड़े हैं, उससे वैश्विक शांति को तो खतरा है ही, दुनिया भर में ऊर्जा संकट भी गहरा रहा है।गौरतलब है कि ईरान ने अमेरिका के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता स्थगित कर दी है। उसने क्षेत्रीय तनाव बढ़ने पर यह कदम उठाया है। यह निराशाजनक ही है कि एक तरफ कूटनीतिक कदम उठाने की बात की जाती है, फिर अचानक हमले की स्थिति पैदा कर दी जाती है। पिछले सप्ताह के आखिर में भी अमेरिका ने ईरान के भीतर कई ठिकानों पर बमबारी की। इसके अलावा, लेबनान पर इजराइल के लगातार हमलों से ईरान नाराज है और वह चाहता है कि ये हमले रोक दिए जाएं।हालांकि यह मुद्दा युद्धविराम की मुख्य शर्तों में शामिल है। मगर सवाल है कि अमेरिका युद्धविराम को ताक पर रखकर खुद को या इजराइल को हमले करने से क्यों नहीं रोक पा रहा है। इसमें दोराय नहीं कि अगर दोनों पक्ष गंभीरता से कूटनीतिक पहल करते, तो शांति का कोई रास्ता निकल सकता था। मगर जैसे ही बात आगे बढ़ती है, उसमें दबाव बढ़ाने के साथ रणनीतिक शर्तें जोड़ दी जाती हैं। इससे संवाद के पुल गिर जाते हैं। मौजूदा स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ईरान ने होर्मुज जलमार्ग पर अपना दबदबा बढ़ाने और उसे सख्ती से बंद करने का संकेत दिया है। समझौते की कवायद कई दिनों से चल रही है, लेकिन कोई सार्थक परिणाम नहीं निकल रहा, तो आखिर इसकी क्या वजह है। स्पष्ट है कि एक तरफ समझौते की बात की जाती है, दूसरी ओर सैन्य विकल्प चुनने की धमकी दी जाती है। इस द्वंद्व के बीच शांति कायम होने के सभी दावे धरे रह जाते हैं। बेहतर हो कि अमेरिका और ईरान स्थायी युद्धविराम और शांति की ओर कदम बढ़ाएं। सैन्य टकराव से आखिरकार कोई समस्या हल नहीं होती।

# समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन

## शिक्षक कृष्ण कुमार को सेवानिवृत्त पर दी भावभीनी विदाई




दिनेशपुर(उद संवाददाता)।पीएम श्री अटल उत्कृष्ट स्व. चि. राहा रा. इंटर कॉलेज, दिनेशपुर में आयोजित सात दिवसीय समर कैंप एवं भाषा समर कैंप का मंगलवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं गदरपुर विधायक अरविंद पांडे ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं भाषाई कार्यक्रमों की प्रशंसा की।विधायक ने कहा कि समर कैंप बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों से जोड़कर उनके व्यक्तित्व विकास का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने विद्यालय परिवार को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र एवं समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।समारोह के दौरान विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके लंबे शैक्षणिक योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर कई शिक्षकों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए उनके उज्ज्वल एवं सुखद भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत, नृत्य, भाषण एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मिश्र, श्याम बहादुर सिंह, श्रवण कुमार गिरी, नमिता मंडल, गंगा बिष्ट, राजकुमार अरोरा, रविंद सिंह, संतोष कुमार टम्टा, मनोज पांडेय, डॉ. रंजना दुबे, आनंदिता सरकार, सविता श्रीवास्तव सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रवि सरकार ने किया।

### दिनेशपुर प्रेस क्लब के पुनर्गठन पर अध्यक्ष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष सम्मानित

दिनेशपुर। दिनेशपुर प्रेस क्लब रजिस्ट्रेशन सोसायटी के लगातार तीसरी बार दुलाल चक्रवर्ती को अध्यक्ष तथा अमित सक्सेना को वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनाए जाने पर समर कैंप समापन समारोह पर कॉलेज के प्रधानाचार्य मधुसूदन मिश्र तथा विधायक अरविंद पांडे के द्वारा मंच पर दोनों प्रेस क्लब पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। विधायक अरविंद पांडे ने कहा दिनेशपुर रजिस्ट्रेशन प्रेस क्लब क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य किया है जैसे पेड़ पौधे लगाना, गर्मी के समय छविल लगाकर पानी वितरण करना, एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती आदि अनेक सराहनीय कार्य किया है। इसलिए लगातार तीसरी बार सभी कार्यकारिणी को पुण: जिम्मेदारी मिलने पर सम्मानित किया गया।

## दयारा बुग्याल ट्रेक से लापता एमबीए छात्रा की खोज जारी, परिजन परेशान

रामनगर (संवाददाता)। उत्तरकाशी के दयारा बुग्याल ट्रेक से लापता हुई रामनगर निवासी 24 वर्षीय बबीता पांडे की तलाश लगातार जारी है। प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीमें पिछले कई दिनों से दुर्गम पहाड़ियों, जंगलों और ट्रेकिंग मार्गों पर व्यापक खोज अभियान चला रही हैं। वहीं दूसरी ओर परिवार की चिंता हर गुजरते दिन के साथ बढ़ती जा रही है और घर में उसकी सकुशल वापसी की दुआएं की जा रही हैं। लापता युवती के पिता गोपाल पांडे ने भावुक स्वर में कहा कि उनकी एकमात्र इच्छा है कि उनकी बेटी सुरक्षित घर लौट आए। उन्होंने बताया कि बबीता पढ़ाई में बेहद मेधावी है और वर्तमान में एमबीए की पढ़ाई कर रही है। पढ़ाई के साथ वह पार्ट टाइम नौकरी भी करती है और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए लगातार मेहनत कर रही थी। गोपाल पांडे ने बताया कि लगभग पांच वर्ष पूर्व हुए एक सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दुर्घटना के बाद वह पैरों से दिव्यांग हो गए और तब से चलने फिरने में असमर्थ हैं। उन्होंने प्रशासन और बचाव दलों से बेटी को जल्द खोज निकालने की अपील करते हुए कहा कि परिवार हर पल उसकी सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहा है। परिवार के अनुसार बबीता दो भाइयों की इकलौती बहन और घर की सबसे बड़ी संतान है। उसके दोनों भाई हर्षित पांडे और तनुज पांडे रामनगर में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हैं। परिवार में माता, पिता और दादी हैं। वर्तमान में उसकी मां और बड़ा भाई उत्तरकाशी में मौजूद हैं, जबकि घर पर दिव्यांग पिता, दादी और छोटा भाई उसकी वापसी की राह देख रहे हैं।



# एसएसपी ने कोतवाली कुंडा और चार पुलिस चौकियों का किया औचक निरीक्षण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने मंगलवार को कोतवाली कुंडा का औचक निरीक्षण कर पुलिस कार्यप्रणाली, लंबित विवेचनाओं और जन शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की। इस दौरान परिसर की स्वच्छता तथा शस्त्रों के सुरक्षित संरक्षण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही पुलिस कर्मियों को कार्यालयी कार्यों में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने को कहा। एसएसपी ने कोतवाली कुंडा के अंतर्गत आने वाली चौकी मंडी, चौकी गढ़ीनेगी, चौकी सूर्या और चौकी शिवराजपुर पट्टी का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकियों की सुरक्षा व्यवस्था, कार्यप्रणाली और वहां चल रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्माण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कोतवाली और चौकियों में तैनात सभी विवेचकों का ऑर्डरली रूम लिया गया। इस दौरान लंबित विवेचनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक विवेचक को साक्ष्यों के आधार पर निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण विवेचना करने के निर्देश दिए गए। गंभीर प्रकृति के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने पर भी जोर दिया गया। अजय गणपति ने स्पष्ट कहा कि विवेचना में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा संदिग्ध गतिविधियों पर सतत निगरानी बनाए रखने के निर्देश दिए। एसएसपी ने





उन्होंने विवेचकों को लंबित मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कोतवाली कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात और मेस का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव, कहा कि विवेचनाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आम जनता को त्वरित और प्रभावी पुलिस सेवा उपलब्ध कराने के लिए सभी अधिकारी और कर्मचारी पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें।

## गुलदार के हमले में महिला घायल

रामनगर (संवाददाता)। तराई पश्चिमी वन प्रभाग की आमपोखरा रेंज अंतर्गत मालधन चौड़ क्षेत्र में मंगलवार दोपहर गुलदार के हमले में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग ने क्षेत्र में गश्त बढ़ा दी है और गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवपुरा, मालधन चौड़ नंबर चार निवासी चंद्रपाल की पत्नी पिंकी देवी (35) मंगलवार दोपहर घर के समीप खेत में घास काट रही थी। इसी दौरान झाड़ियों से निकले गुलदार ने अचानक उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद परिजन और अन्य महिलाएं मौके पर पहुंचीं तथा शोर मचाया। लोगों की आवाज सुनकर गुलदार घायल महिला को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। हमले में महिला के शरीर पर कई जगह गंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल महिला को उपचार के लिए रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। आमपोखरा रेंज के रेंजर पूरन सिंह खनायत ने बताया कि घटना के बाद प्रभावित क्षेत्र में वन कर्मियों की गश्त बढ़ा दी गई है।



# उत्तराखंड बना खेल आयोजनों का केंद्र : रेखा आर्या

हल्द्वानी। गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित नेशनल यूथ मुए थाई चैंपियनशिप-2026 का सोमवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने औपचारिक उद्घाटन किया । 1 जून से 4 जून तक आयोजित हो रही इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के 26 राज्यों एवं 5 केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 900 खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड अब राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं के लिए एक पसंदीदा गंतव्य बनकर उभर रहा है। प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक खेल ढांचे और खिलाड़ियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के कारण देशभर के खिलाड़ी यहां अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। खेल मंत्री ने कहा कि मुए थाई केवल एक खेल नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता और मानसिक दृढ़ता का उत्कृष्ट माध्यम है। इस खेल में युवाओं की बढ़ती भागीदारी इस बात का संकेत है कि नई पीढ़ी फिटनेस और प्रतिस्पर्धात्मक खेलों के प्रति गंभीरता से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं, जिनका सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। रेखा आर्या ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर की ऐसी प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का मंच प्रदान करती हैं। साथ ही विभिन्न राज्यों से आए खिलाड़ियों के बीच अनुभवों का आदान-प्रदान भी होता है, जिससे खेलों का स्तर और अधिक ऊंचा होता है। खेल मंत्री ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने राज्य व देश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर खेल उपनिदेशक राशिका सिद्दकी, जिला खेल अधिकारी निर्मला पंत, एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज वर्मा, महासचिव राम चौधरी, उत्तराखंड अध्यक्ष सतीश जोशी, निलेश जोशी, भाजपा जिला महामंत्री बिशन कन्वाल, गणेश जलाल, पान सिंह बिष्ट, विजय भंडारी, राजेंद्र सिंह जलाल आदि उपस्थित रहे।




# विभाजन विभीषिका सेनानी स्मारक को मिलेगा भव्य स्वरूप, सुझावों पर हुई चर्चा

## पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंजाबी समाज और विभाजन पीड़ित परिवारों के साथ की बैठक

किच्छा (संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुरूप किच्छा में प्रस्तावित प्रदेश के प्रथम विभाजन विभीषिका सेनानी स्मारक के निर्माण को लेकर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने पंजाबी समाज के प्रबुद्धजनों एवं विभाजन विभीषिका सेनानी परिवारों के साथ बैठक कर स्मारक के स्वरूप और निर्माण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक गुलशन मदान के प्रतिष्ठान पर आयोजित की गई, जिसमें समाज के लोगों से सुझाव लेकर उन्हें संकलित किया गया ताकि स्मारक को भव्य, दिव्य और प्रेरणादायी स्वरूप दिया जा सके। बैठक में पंजाबी सभा के अध्यक्ष प्रवीण रहेजा, महामंत्री पंडित अनिल शर्मा और वरिष्ठ व्यवसायी सुदर्शन ठुकराल के नेतृत्व में समाज के लोगों ने राजेश शुक्ला का स्वागत किया। इस अवसर पर राजेश शुक्ला ने कहा कि भारत विभाजन की त्रासदी झेलकर किच्छा क्षेत्र में आकर बसे परिवारों के संघर्ष, त्याग और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभाजन विभीषिका सेनानी स्मारक का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभाजन पीड़ित परिवारों को विभाजन विभीषिका सेनानी की संज्ञा देकर उनके संघर्षों को राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किच्छा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान स्मारक निर्माण की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि स्मारक निर्माण के लिए 51 लाख रुपये की धनराशि कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग को उपलब्ध कराई जा चुकी है। यह स्मारक केवल एक स्मृति स्थल नहीं होगा, बल्कि उन लाखों लोगों के संघर्ष, साहस, धैर्य और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बनेगा जिन्होंने विभाजन की पीड़ा सहते हुए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। यह स्मारक नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों के संघर्षों और बलिदानों से प्रेरणा लेने का अवसर प्रदान करेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पंजाबी सभा के महामंत्री पंडित अनिल शर्मा ने कहा कि राजेश शुक्ला के जनप्रतिनिधित्व काल में किच्छा क्षेत्र में मॉडल डिग्री कॉलेज, एम्स सैटेलाइट सेंटर, अंतरराज्यीय बस अड्डा, पृथक विद्युत वितरण खंड और मुंसिफ कोर्ट जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्थापित हुईं। उन्होंने कहा कि विभाजन विभीषिका सेनानी स्मारक के निर्माण के लिए भी राजेश शुक्ला लंबे समय से प्रयासरत थे, जिसके परिणामस्वरूप मुख्यमंत्री द्वारा इसकी घोषणा की गई और अब इसके लिए धनराशि भी स्वीकृत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बैठक में प्राप्त सुझावों के आधार पर स्मारक को एक ऐतिहासिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान किया जाएगा, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान को सदैव स्मरण रख सकें। बैठक में अमन मदान, दिव्यांश लूथरा, रिंकू लूथरा, वासुदेव आयलानी, गोल्डी गोराया, संदीप अरोरा, लक्ष्मण खुगगर, हंसराज डुमरा, सावन सिंह, सतीश कुमार चढ़ा, ईश्वर बागवानी, रणजीत सिंह, प्रमोद ठुकराल, विजय अरोरा, नितिन फुटेला, संदीप अरोड़ा, जीव कटारिया, जसमीत कक्कड़, गुरदीप सिंह, रोनित सिंह, शेर सिंह विर्क, परमजीत सिंह, नीरज खुगगर, परमजीत सिंह, महेंद्र सिंह, मोहनलाल सिंधी, जोगिंदर सिंह जिंदू, दिव्यांश लूथरा, विशाल मदान, कृष्ण लाल नारंग, मंगत चुग, राजीव कालरा, मनमोहन सक्सेना, प्रिंस अरोड़ा, जगदीप सिंह, ऋतिक खुराना, विवेक सिंह, सुमित, वीर सिंह, नितिन गुंबर, बलबीर सिंह, राजेंद्र सिंह कामरा, राजा सुखीजा, नरेंद्र ठुकराल, डिंपी अरोड़ा, राज गगनेजा, चरणजीत सिंह, प्रगट सिंह, कुलवंत सिंह, मनोज गांधी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।






# उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष बने प्रभात ध्यानी

रामनगर (संवाददाता)। उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी का दो दिवसीय केंद्रीय अधिवेशन स्थानीय अग्रवाल सभा भवन में संपन्न हो गया। अधिवेशन में प्रदेश की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों सहित विभिन्न समसामयिक मुद्दों पर मंथन किया गया तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इस दौरान पार्टी की नई केंद्रीय कार्यकारिणी का भी गठन किया गया, जिसमें राज्य आंदोलनकारी प्रभात ध्यानी को सर्वसम्मति से केंद्रीय अध्यक्ष चुना गया। नवनिर्वाचित केंद्रीय अध्यक्ष प्रभात ध्यानी ने कहा कि अधिवेशन में देश और प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों पर गंभीरता से चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में अपने दम पर मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। साथ ही समान विचारधारा वाले जन संगठनों और सामाजिक समूहों के साथ समन्वय स्थापित कर जनहित के मुद्दों को जनता के बीच ले जाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की वर्तमान सरकार उत्तराखंड की मूल भावना, सम्मान और अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रही है तथा राज्य गठन के उद्देश्यों को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड आंदोलन की मूल अवधारणा को बचाने और जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए पार्टी व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाएगी। प्रभात ध्यानी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और महिला अपराधों की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन मामलों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने में विफल रही है। इसके अलावा बढ़ती बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, पलायन और जनसरोकारों से जुड़े मुद्दे भी पार्टी के प्रमुख चुनावी मुद्दों में शामिल रहेंगे। अधिवेशन में संगठन विस्तार, आगामी राजनीतिक रणनीति तथा जनआंदोलनों को मजबूत करने पर भी विचार विमर्श किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड के संसाधनों, पर्यावरण और स्थानीय हितों की रक्षा के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। दो दिवसीय अधिवेशन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और राज्य आंदोलनकारियों ने भाग लिया।




# दोहपरिया में भूमि विक्रय को लेकर धोखाधड़ी का आरोप, कार्रवाई की मांग

किच्छा। थाना पुलभट्टा क्षेत्र के ग्राम दोपहरिया निवासी राम प्रसाद ने पुलिस क्षेत्राधिकारी किच्छा को प्रार्थना पत्र देकर भूमि विक्रय के मामले में धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। प्रार्थना पत्र के अनुसार वर्ष 2023 में ग्राम दोपहरिया निवासी रूपेश गिरी ने खाता संख्या 62 के खसरा संख्या 165 मिन स्थित एक बीघा भूमि का विक्रय सौदा राम प्रसाद के भाई चन्द्र प्रकाश के साथ किया था। आरोप है कि सौदे की पूरी रकम प्राप्त करने के बाद रूपेश गिरी ने भूमि का कब्जा भी चन्द्र प्रकाश को सौंप दिया था और तब से वह भूमि पर काबिज हैं। राम प्रसाद का आरोप है कि इसके बावजूद रूपेश गिरी ने उसी भूमि से संबंधित रकबे को रुद्रपुर निवासी पूजा कुमारी के नाम रजिस्ट्री कर दी तथा दाखिल-खारिज भी करा दिया। शिकायतकर्ता का कहना है कि जिस आकार के प्लॉट की रजिस्ट्री की गई है, वह मौके पर मौजूद ही नहीं है। साथ ही रजिस्ट्री में दर्शाई गई चौहद्दी, फोटो और लोकेशन भी कथित रूप से फर्जी और भ्रामक हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि रूपेश गिरी द्वारा इसी प्रकार अन्य कई रजिस्ट्रियां भी कराई गई हैं, जिनमें अनियमितताओं की जांच चल रही है। उनका कहना है कि पूजा कुमारी के नाम दाखिल-खारिज होने से भविष्य में भूमि विवाद उत्पन्न होने की आशंका है। राम प्रसाद ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

## पेज एक का शेष...

**शहरों का विकास...**प्रतिभाग किया और अपने अनुभवों के आधार पर नगरीय निकायों को सुदृढ़ करने के उपायों पर चर्चा की। बैठक में शहरी विकास से जुड़ी विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, प्रेम चन्द्र अग्रवाल, राम सिंह कैड़ा सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**३४ यात्रियों को बचाकर...**की सहायता से बस को हटाकर चालक के शव को बाहर निकाला गया। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार बस में कुल 34 यात्री सवार थे। हादसे में एक महिला यात्री को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। शेष सभी यात्री सुरक्षित हैं। बाद में परिवहन निगम द्वारा दूसरी बस की व्यवस्था कर यात्रियों को उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया। लोहाघाट डिपो के सहायक महाप्रबंधक धीरज वर्मा ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बस को तकनीकी जांच के लिए वर्कशॉप भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि दुर्घटना ब्रेक फेल होने, स्टेयरिंग में खराबी अथवा किसी अन्य तकनीकी कारण से हुई। चम्पावत जिले के बडोली निवासी चालक बेनीराम थ्वाल की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों और यात्रियों ने चालक के साहस को नमन करते हुए उन्हें सच्चा नायक बताया, जिसने अपनी जान की परवाह किए बिना दर्जनों लोगों की जिंदगी बचा ली। हादसे के बाद रोडवेज बसों के रखरखाव को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

**बोल्वों बस में लगी आग...**समय गंवाए सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया।दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। बस के पिछले हिस्से में रखा यात्रियों का अधिकांश सामान आग की भेंट चढ़ गया। आग बुझाने और बस को सड़क किनारे हटाने तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में यातायात को सुचारु कराया गया।थाना प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि बस में कुल 32 यात्री सवार थे, जिनमें ब्राजील की दो महिला पर्यटक भी शामिल थीं। सभी यात्रियों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट अथवा किसी तकनीकी खराबी को माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।उन्होंने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई। हादसे में विदेशी महिला यात्रियों का सामान भी जल गया, हालांकि उनके आवश्यक दस्तावेज सुरक्षित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें थाने लाया गया और आगे की यात्रा के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।घटना के बाद दोनों विदेशी महिलाओं ने उत्तराखंड पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पुलिस और बचाव दल समय पर मौके पर पहुंचे, जिससे सभी यात्रियों की जान बच सकी। पुलिस की तत्परता और सहयोग की उन्होंने खुले दिल से प्रशंसा की।

**लापता महिला का शव....**उसका कोई पता नहीं चल सका। बुधवार सुबह खुरपिया फॉर्म क्षेत्र में एक महिला का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और शव की पहचान सुनीता के रूप में की। शव मिलने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन राणा, हल्दूचौड़ चौकी प्रभारी अर्जुन नाथ गोस्वामी समेत पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम की सहायता ली। इस दौरान आसपास के लोगों से पूछताछ कर महत्वपूर्ण जानकारियां भी एकत्र की गईं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के निष्कर्ष सामने आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में घटना को लेकर तरह तरह की चर्चाएं हैं, जबकि पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच में जुटी हुई है।

**एक और अवैध मजार...**जाने के बारे में जानकारी मांगी गई थी। एसडीएम विनोद कुमार ने बताया कि जिला अधिकारी आशीष चौहान के द्वारा सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाओ अभियान की समीक्षा में उक्त अवैध संरचना को हटाए जाने के निर्णय के क्रम में कारवाई की गई और उक्त स्थान को अवैध कब्जे से मुक्त करवा दिया गया। उल्लेखनीय है कि धामी सरकार ऐसी 588 अवैध मजारों को सरकारी जमीनों से अब तक हटा चुकी है। उधर पिछले हफ्ते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी जिलाधिकारियों की बैठक कर सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के अभियान को तेज करने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सभी जिलों में ये अभियान तेज हुए है।

**वाहन चोर गिरोह....**रेकी करते थे। मौका मिलते ही वाहन चोरी कर उन्हें झाड़ियों, कच्चे रास्तों और सुनसान क्षेत्रों में छिपाकर रखते थे। बाद में इन वाहनों को कम कीमत पर बेचकर आर्थिक लाभ कमाते थे। कोतवाली ट्रांजिट कैम्प पुलिस को दो जून को सूचना मिली कि कुछ संदिग्ध युवक चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गणेशपुर रोड स्थित एक खंडहर के पास मौजूद हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीन युवकों को एक चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने वाहन चोरी की कई अन्य घटनाओं में भी संलिप्तता स्वीकार की। उनकी निशानदेही पर विभिन्न स्थानों पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई पांच अन्य चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार बरामद मोटरसाइकिलें कोतवाली ट्रांजिट कैम्प में दर्ज एफआईआर संख्या 117/2026, 159/2026, 160/2026 एवं 162/2026 तथा थाना पंतनगर क्षेत्र से संबंधित पाई गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सचिन पाल पुत्र गिरधारी लाल निवासी कृष्णा कॉलोनी ट्रांजिट कैम्प, अरुण पुत्र महेंद्र पाल निवासी विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प तथा आशीष श्रीवास्तव पुत्र उदयवीर श्रीवास्तव निवासी ठाकुर नगर ट्रांजिट कैम्प के रूप में हुई है। तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित मुकदमों में कार्रवाई की जा रही है। उधर खटीमा पुलिस ने भी वाहन चोरी के मामलों के खुलासे में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। कोतवाली क्षेत्र में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के कई मामलों की जांच के दौरान पुलिस टीम ने ग्राम सुजिया मार्ग के पास से फरमान फरीदी उर्फ फुकना को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने वाहन चोरी की अन्य घटनाओं में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए चोरी के वाहन आशीर्वाद पैलेस की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते के समीप झाड़ियों में छिपाकर रखने की जानकारी दी। फरमान की निशानदेही पर पुलिस ने कई चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद कीं। इसके बाद दूसरे आरोपी पवन धामी को लाल कोठी रोड चकरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर कुल पांच चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गईं। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बाजारों, दुकानों, जिम और सार्वजनिक स्थानों पर खड़े वाहनों को निशाना बनाते थे। चोरी के बाद वाहनों को छिपाकर रखा जाता था ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। बाद में उन्हें बेचकर धन अर्जित किया जाता था। खटीमा पुलिस द्वारा गिरफ्तार फरमान फरीदी उर्फ फुकना निवासी इस्लामनगर खटीमा का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके विरुद्ध चोरी और एनडीपीएस एक्ट समेत कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब आरोपियों के आपराधिक नेटवर्क और चोरी के वाहनों की खरीद-फरोख्त से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने ट्रांजिट कैम्प क्षेत्र से हीरो स्प्लेंडर, हीरो एचएफ डीलक्स और पैशन प्रो समेत छह मोटरसाइकिलें तथा खटीमा क्षेत्र से यामाहा आरएक्स, हीरो स्प्लेंडर, टीवीएस स्पोर्ट सहित कुल पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। बरामद सभी वाहनों को कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। एसएसपी अजय गणपति ने पुलिस टीमों की सराहना करते हुए कहा कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध ष्ऑपरेशन प्रहारष के तहत अभियान लगातार जारी रहेगा। वाहन चोरी, संगठित अपराध और संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा तथा ऐसे अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**अज्ञात वाहन की ..**तो उन्होंने इसकी जानकारी उसके परिजनों और पुलिस को दी। सूचना मिलने पर परिजनों के साथ पुलिसकर्मी भी आ गये। होरी सिंह को चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जिस पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर रूद्रपुर में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इधर पूर्व प्रधान नैन सिंह, प्रेम सिंह, रूप सिंह व पूर्व उप प्रधान मनोज देवराड़ी ने क्षेत्र में खनन सामग्री लेकर अनियंत्रित गति से चलने वाले डम्परों पर प्रशासन से रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में ऐसे डम्परों की चपेट में आकर कई लोगों की मौत हो चुकी है।

**लाखों की मिक्सर...**हो पूरा होने के उपरांत जब वह मशीन वापस लाने लगा तो ठेकेदार खलील अहमद ने यह कहकर मशीन रोक लिया कि मशीन से अभी और काम करना है। ठेकेदार के कहने पर शिकायतकर्ता ने मशीन वहीं छोड़ दिया। 31 में को जब वह साइड पर पहुंचा तो मौके से मशीन गायब थी। इस बारे में वहां मौजूद चौकीदार व ठेकेदार समेत मजदूरों ने मशीन के बारे में अभिज्ञता जताई। चोरी केस प्रकरण में शक की सूई ठेकेदार के इर्द-गिर्द घूम रही है। खबर लिखे जाने तक चोरी की इस मामले में आईटीआई पुलिस ने कोई मुकदमा आदि नहीं दर्ज किया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# शादी समारोह के विवाद में युवक की हुई मौत, दो आरोपी गिरफ्तार

## महुआखेड़ागंज में वाहन खड़ा करने को लेकर हुआ था विवाद

रुद्रपुर /काशीपुर( उद संवाददाता)। महुआखेड़ागंज क्षेत्र में शादी समारोह के दौरान वाहन खड़ा करने को लेकर हुए विवाद में एक युवक की मौत के मामले में आईटीआई पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार महुआखेड़ागंज निवासी अनीश पुत्र कासम अली ने कोतवाली आईटीआई में तहरीर देकर बताया था कि 30 मई की रात वह अपनी पोती की शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। आरोप है कि इसी दौरान अली अकबर और अहमद रजा ने अपने वाहन को उनके घर के सामने खड़ा कर दिया। जब उनसे वाहन अन्य स्थान पर खड़ा करने का अनुरोध किया गया तो विवाद हो गया। तहरीर के मुताबिक आरोपियों ने अपने अन्य परिजनों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता और उसके परिवार के सदस्यों के साथ लाठी डंडों से मारपीट की। इस दौरान अफजल पुत्र महबूब अली गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया था। उपचार के दौरान 31 मई को उसकी मृत्यु हो गई, जबकि अन्य लोग भी घायल हुए। घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद कोतवाली आईटीआई में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर ने अपने हाथ में ली। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम गठित की गई। विवेचना के दौरान मंगलवार को पुलिस ने नामजद आरोपी अली अकबर पुत्र सुबराती तथा नाजिम पुत्र सुबराती निवासी महुआ खेड़ागंज को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किए जाने की कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अरविंद बहुगुणा, उपनिरीक्षक जसविंदर सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक पुष्कर भट्ट, कांस्टेबल धर्मेन्द्र भारती, सुरेन्द्र काम्बोज, जगदीश दुग्ताल एवं नरेश चौहान शामिल रहे।



# स्कूटी की डिग्गी से दो लाख उड़ाने वाला शातिर दबोचा, साथी फरार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। एसएसपी डॉ० मंजूनाथ टी०सी० के निर्देशन में अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए मुखानी थाना पुलिस ने क्षेत्र में स्कूटी की डिग्गी से 2 लाख रुपये की टप्पेबाजी करने वाले यूपी निवासी शातिर युवक को हजारों की नगदी सहित गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि अभियुक्त पर हत्या, लूट और चोरी जैसे कई संगीन आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। उन्होंने बताया मुखानी पुलिस ने स्कूटी की डिग्गी से लाखों रुपये चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के एक शातिर टप्पेबाज को गिरफ्तार किया है। 22 मई को दीपक शर्मा निवासी लखनऊ गोलापार, काठगोदाम ने थाना मुखानी में तहरीर दी कि 20 मई को किसी अज्ञात चोर ने केएफसी के पास खड़ी उनकी स्कूटी संख्या यूके 04 एबी 2807 की डिग्गी तोड़कर उसमें रखे 2 लाख रुपए चोरी कर लिए हैं। तहरीर के आधार पर थाना मुखानी में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू की गई। उन्होंने बताया घटना के अनावरण के लिए पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला, जिसमें दो संदिग्ध व्यक्ति नजर आए। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता नाम अमर सिंह पुत्र फूल सिंह, निवासी ग्राम दुल्हापुर बनकट, थाना धनेपुर, जिला गोंडा उत्तर प्रदेश बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चोरी की रकम में से 20,230 रुपए नकद बरामद हुए। पूछताछ में अभियुक्त अमर सिंह ने कुबूल किया कि वह और उसका साथी राजेश कुमार निवासी मुडाडीहा, थाना धानेपुर, जिला गोंडा, यूपी योजनाबद्ध तरीके से टप्पेबाजी करते हैं। घटना के दिन राजेश बैंक के बाहर रेकी कर रहा था। जैसे ही दीपक शर्मा बैंक से पैसे लेकर निकले, दोनों ने उनका पीछा किया और मौका पाकर स्कूटी की डिग्गी तोड़कर 2 लाख रुपए उड़ा दिए। उसने बताया कि पैसों के बंटवारे को लेकर दोनों में अनबन हो गई थी। जिसमें से राजेश 1,20,000 रुपए लेकर फरार हो गया और अमर सिंह को 80,000 रुपए मिले थे। अमर सिंह के हिस्से के बाकी पैसे उसके पिता के इलाज में खर्च हो गए। पुलिस फरार अभियुक्त राजेश कुमार की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पुलिस टीम में सुशील जोशी थानाध्यक्ष, मुखानी, उप निरीक्षक वीरेंद्र चंद, अपर उप निरीक्षक सूरज, कांस्टेबल बलवंत सिंह शामिल थे।






# पहाड़गंज में 199 अवैध भवनों पर चलेगा बुलडोजर, 15 दिन का नोटिस

रुद्रपुर। शहर के पहाड़गंज क्षेत्र में सरकारी नजूल भूमि पर बने अवैध निर्माणों के खिलाफ जिला विकास प्राधिकरण ने बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को प्राधिकरण के सचिव एवं एडीएम पंकज उपाध्याय भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे तथा 199 भवनों पर ध्वस्तीकरण के आदेश तामील कराए। प्राधिकरण की टीम में एसडीएम मनीष बिष्ट, नगर आयुक्त पूजा शर्मा, पुलिस अधिकारी और जेसीबी मशीनें भी शामिल रहीं। कार्रवाई की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में लोग अपने घरों के बाहर जमा हो गए। एडीएम पंकज उपाध्याय ने बताया कि पहाड़गंज में सरकारी नजूल भूमि पर करीब 300 अवैध निर्माणों की शिकायतें सामने आई थीं। जांच और सुनवाई के बाद लगभग 200 मामलों में ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किए गए हैं। इनमें से 199 भवन स्वामियों को मंगलवार को नोटिस तामील कर दिए गए। संबंधित लोगों को 15 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद अवैध निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन के अनुसार ध्वस्तीकरण से पहले भवनों के बिजली और पानी के कनेक्शन भी हटाए जाएंगे। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि जिन लोगों के पास भूमि के वैध दस्तावेज नहीं हैं, उन्हें बिजली और पानी के कनेक्शन किस आधार पर जारी किए गए। इस पूरे मामले में एक और बड़ा खुलासा सामने आया है। जांच में पता चला है कि सरकारी भूमि पर वर्षों से अवैध कब्जे और प्लॉटिंग का खेल चलता रहा। आरोप है कि कुछ लोगों ने सरकारी जमीन को निजी संपत्ति बताकर बाहरी राज्यों के लोगों को बेच दिया और करोड़ों रुपये का कारोबार किया। प्रशासन अब इस पूरे प्रकरण की भी जांच कर रहा है। एडीएम पंकज उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रत्येक मामले की अलग-अलग जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से पहाड़गंज क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है, जबकि प्रभावित लोग अपने दस्तावेजों के साथ प्रशासन के समक्ष पक्ष रखने की तैयारी में जुट गए हैं। **सरकारी भूमि बेचने में दर्शन सिंह का नाम आया सामने :** पहाड़गंज की सरकारी नजूल भूमि पर अवैध कब्जे और प्लॉटिंग के मामले में प्रशासन का शिकंजा कसता जा रहा है। जांच में दर्शन सिंह का नाम प्रमुखता से सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने पूरे प्रकरण की गहन जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के अनुसार सरकारी भूमि को निजी बताकर बेचने, अवैध निर्माण कराने और लोगों से धन वसूली के आरोपों की पड़ताल की जा रही है।

# फांसी पर लटकी मिली गर्भवती महिला

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। काठगोदाम थाना क्षेत्र के मल्ला प्लाट दमुवादूँगा से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 24 वर्षीय गर्भवती महिला का संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फंदे पर लटका शव पाया गया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मल्ला प्लाट दमुवादूँगा निवासी संतोष कुमार की गर्भवती पत्नी 24 वर्षीय मनीषा देवी का सोमवार शाम को संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अंदर फंदे से लटका शव पाया गया। परिजन आनन-फानन में महिला को फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतका 6 माह की गर्भवती थी। घटना में न सिर्फ महिला बल्कि उसके गर्भ में पल रहे मासूम की भी मौत हो गई। बताया जाता है कि मृतका मनीषा की शादी करीब 4 साल पहले संतोष कुमार से हुई थी। संतोष एक रेस्टोरेंट में काम करता है। दोनों की ढाई साल की एक मासूम बेटी भी है, जिसके सिर से अब मां का साया हमेशा के लिए उठ गया है। शुरुआती जांच में घटना की वजह पारिवारिक विवाद बताई जा रही है, जिसके चलते महिला मानसिक तनाव में थी। सीओ अमित सैनी ने बताया सोमवार को घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया है। मंगलवार को मजिस्ट्रेट के सामने पंचनामे की कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का सटीक पत सकेगा। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

# ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर ( उद संवाददाता)।ट्रांजिट कैंप गंगापुर रोड स्थित वसुंधरा गुरूबख्श ग्रीन कालोनी में भाई के घर पहुंचाई गई विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पति समेत पांच पर दहेज हत्या की धारा में प्राथमिकी कर ली है। तहरीर में फतेहगंज पश्चिमी जिला बरेली निवासी राजवीर शर्मा ने बताया कि वह कई सालों से ट्रांजिट कैंप की वसुंधरा गुरुबक्स ग्रीन गंगा पुर रोड पर परिवार के साथ रहते हैं। 18 फरवरी 2026 को उन्होंने अपनी बेटी 24 वर्षीय काजल का विवाह मोहल्ला पंजाबी गोल लाइट विकास कॉलोनी वार्ड नं-16 किच्छा निवासी अजय कुमार से किया था। उन्होंने दहेज में गृहस्थी का सामान और बाइक दी थी। उनका आरोप है कि इसके बाद भी काजल के पति और ससुराल वाले खुश नहीं थे और शादी के बाद से ही उनकी बेटी का मानसिक व शारीरिक रुप से उत्पीड़न किया जा रहा था। आरोप है कि ससुराल वाले लगातार बुलट बाइक और 15 लाख दहेज की मांग कर रहे थे और 15 मई को काजल को मायके छोड़कर चले गए। काजल ससुरालियों ने ही उसे आत्महत्या के लिए उकसाया और जिसके चलते उसने रविवार देर शाम जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। सीओ विभव सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर पति अजय कुमार, ससुर राजू शर्मा, सास सुमन शर्मा, देवर आदित्य शर्मा और मैया ससुर सूरज शर्मा निवासी आवास विकास कॉलोनी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी गई है।